तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

11 पशुधन हमारी अर्थव्यवस्था के संवाहक हैं : विधायक रोहित

12 देवगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा...







# कुलेश्वरनाथ मंदिर में सावन के पहले दिन उमड़ी भक्तों की भीड़, जयकारों से गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

सावन मास के पहले दिन, शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम तीर्थ में स्थित श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक शिव भक्तों का तांता लगा रहा। दूर-दूर से श्रद्धालु अपने परिवार और बच्चों के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करने पहुंचे। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंजता रहा और मंदिर की घंटियों की आवाज दूर तक सुनाई दे रही थी। नदी तट पर नारियल, बेल पत्ता, धतूरे के फूल और अन्य पूजा सामग्री की दुकानें सजी हुई थीं। हजारों की संख्या में भक्तगण आसपास के पचासियों गांवों से भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। सुहागिन महिलाओं ने पूरे विधि-विधान के साथ दूध और पवित्र जल से चबूतरे पर स्थित भोलेनाथ को स्नान कराया, आरती की और भोग चढ़ाया। महिलाओं और युवतियों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। यह भी उल्लेखनीय है कि सावन के अलावा, कुंभ मेले के दौरान भी देश के कई प्रदेशों से हजारों की संख्या में शिवभक्त और श्रद्धालु अपने परिवार के साथ यहां दर्शन करने आते हैं।



## भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालु

### अन्य शिवालयों में भी रही भीड़

इधर, शहर के बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में भी सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावा, ब्रह्मचर्य आश्रम, नवापारा के राधाकृष्ण मंदिर और दोनों शहरों के सभी शिवालयों में दिन भर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है, यही कारण है कि हर कोई भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखकर पूजा करने को आतुर रहता है। गौरतलब है कि अब पूरे सावन मास में, खासकर हर सोमवार को, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, बाबा गरीबनाथ मंदिर और नवापारा के श्री राधाकृष्ण मंदिर में भक्तों की भीड़ बनी रहेगी।

मांग : मैनपुर नगर के लोगों ने कलेक्टर से की मांग, नहर की हो सफाई

# निस्तारी तालाब सूखा, नहर नाली की सफाई न होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर का एकमात्र निस्तारी तालाब, जो गर्मियों में ही सूखकर मैदान में तब्दील हो गया था, अब लगातार बारिश के बावजूद भी केवल 5% ही भर पाया है। नगरवासियों को निस्तार के लिए दूर हरदीभाठा ग्राम पंचायत तालाब तक जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर के इस निस्तारी तालाब को पानी से भरने के लिए हर साल नदी के स्टॉप डैम से पानी भरा जाता है। इसके लिए लगभग 20 साल पहले सिंचाई विभाग द्वारा 500 मीटर नहर नाली का निर्माण किया गया था। पहले हर साल बारिश से पहले इस नहर नाली की सफाई करवाई जाती थी ताकि पानी आसानी से तालाब तक पहुँच सके। हालांकि, इस साल बारिश से पहले और अब तक नहर नाली की सफाई नहीं करवाई गई है। नहर नाली कचरे और गंदगी से पट गई है, जगह-जगह से बंद हो गई है, जिसके कारण तालाब तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

मैनपुर नगर के लोगों ने जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मांग की है कि वे सिंचाई विभाग को निर्देशित करें कि तालाब तक पानी पहुँचाने वाली नहर नाली का पत्थर से पिचिंग करवाया जाए। इससे नहर नाली के माध्यम से तालाब में पानी भर सकेगा और नगरवासियों को निस्तारी के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



### आश्वासन के बाद भी नहीं हुआ काम

मैनपुर नगर के लोगों ने गर्मी के दिनों में ही सिंचाई विभाग के एसडीओ से मुलाकात कर नहर नाली की सफाई करवाने की मांग की थी। एसडीओ ने एक सप्ताह के भीतर सफाई करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद काम नहीं हुआ, और तालाब अभी भी सूखा पड़ा है।



### अतिक्रमण और कुप्रबंधन की समस्या

मैनपुर के वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि नगर में दो तालाब हैं एक छिंद तालाब और दूसरा नया तालाब। इन दोनों तालाबों को भरने के लिए स्टॉप डैम से नहर नाली का निर्माण किया गया था, लेकिन पिछले 2-3 वर्षों से सिंचाई विभाग द्वारा सफाई कार्य न करवाए जाने के कारण नहर नाली एक ओर अतिक्रमण का शिकार हो रही है, वहीं दूसरी ओर पूरी तरह पट गई है। जब तक नहर नाली की सफाई नहीं होगी, तब तक दोनों तालाबों को भरना असंभव है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और सिंचाई विभाग को मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो बारिश के बाद भी मैनपुर के तालाब सूखे रह जाएंगे। दो दिन पहले जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी जनपद सदस्यों ने इस मामले को उठाया था।

# नवापारा-राजिम के बजरंग निवास में सावन उत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

सावन मास के आगमन के साथ ही नवापारा-राजिम स्थित बजरंग निवास में भक्ति और आस्था का माहौल छा गया है। यहां सावन के पूरे महीने प्रतिदिन सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा, शिवाष्टक, राम राम और रामायण पाठ के साथ विशेष आरती का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन का 11वां वर्ष है, जो 11 जुलाई, शुक्रवार (श्रावण मास की एकम तिथि) से शुरू हो गया है। बजरंग निवास में तीन भव्य दरबार सजाए गए हैं श्री राम दरबार, भगवान भोलेनाथ एवं सालासर बालाजी का दरबार। प्रतिदिन इन दरबारों को ताजे पुष्पों जैसे कनेर, गुलाब, नीलकंठ, नील कमल और मोंगरा से विशेष रूप से सजाया जाता है। आयोजक राजू बजरंगलाल काबरा ने बताया कि इस



### 11वें वर्ष भी गूंजेगी भक्ति

आयोजन को सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा समिति के अलावा नगरवासियों का भी भरपूर सहयोग मिलता है। इस धार्मिक आयोजन में केवल नवापारा-राजिम के ही नहीं, बल्कि रायपुर, अभनपुर, नागपुर, बालोद, गुरुर और जगदलपुर जैसे दूर-दराज के स्थानों से भी भक्त दर्शन करने आते हैं। प्रतिदिन शाम 6 बजे से भक्तिमय आयोजन प्रारंभ हो जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धार्मिक लाभ उठाते हैं।

## श्री साई बाबा स्थापना दिवस वार्षिक उत्सव कल

**राजिम।** श्री साई सेवा संस्थान साई मंदिर के प्रमुख मोहन ठाकुर ने बताया कि 13 जुलाई 2010 में भक्ति भाव, मंत्रोच्चार द्वारा धूमधाम से नगरवासियों के सहयोग से श्री साई मंदिर राजिम में श्री साई बाबा की मूर्ति स्थापना हुई थी और तब से प्रत्येक वर्ष 13 जुलाई को मंदिर में भव्य स्थापना दिवस मनाया जाता है जिसमें श्री साई बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर मराठी भाषा में चारों आरती की जाती है, श्री साई सच्चरित्र का अखंड परायण, श्री साई सत्यव्रत कथा, भजन कीर्तन, बाबा की पालकी निकाली जाती है और साथ में सभी भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया जाता है। श्री ठाकुर ने बताया कि साई मंदिर में मुख्य रूप से गुरु पूर्णिमा ,वार्षिक ▸▸|शेष पेज 10 पर

# खेत जलमग्न, किसानों को धान सड़ने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

■ विधायक से लगाई गुहार, सिंचाई विभाग पर आरोप

सावन महीने की शुरुआत के साथ ही बेलर क्षेत्र में बादल छाए हुए हैं और आज चौथे दिन भी रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिसके बीच मूसलाधार बारिश भी जारी है। इस लगातार बारिश के कारण बारूला सहित दर्जनों गांवों के खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। खेतों में लबालब पानी भरा हुआ है और चारों ओर केवल पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। किसानों ने हाल ही में खेतों में धान का छिड़काव किया है, और अब उन्हें धान के पानी में डूबने से सड़ने की चिंता सता रही है। बारूला के किसान और सरपंच सुखदेव साहू, इंदरमन साहू, ईश्वर साहू, भुवनेश्वर साहू, दीपक साहू, वेन कुमार, तोरन साहू, पीला चंद माण्डले, बिजली और खेलावन साहू ने खेत का दौरा कर बताया कि लगभग 100 एकड़ खेत पानी से भरे हुए हैं। किसानों ने अपनी समस्या से राजिम विधायक रोहित साहू को अवगत कराया। विधायक ने तुरंत फिंगेश्वर सिंचाई विभाग के ▸▸|शेष पेज 10 पर



## जिले के जंगल पहाड़ी का खुबसूरत नजारा...



मैनपुर। इन दिनों लगातार बारिश के चलते गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी जंगल क्षेत्र हराभरा हो गया है। जगह –जगह प्राकृतिक जलप्रपात का मनोरम दृश्य ड्रोन कैमरा से लिया गया तस्वीर चारो तरफ सिर्फ हरिभूमि नजर आ रहा है।

स्थानीय आवक 40 प्रतिशत घटी, बाहर से हो रही आपूर्ति

# बारिश ने बढ़ाई सब्जियों की कीमतें, बरबट्टी 100, भिंडी 50 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जहां एक ओर किसान खेतों में बुवाई और रोपण कार्य में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय सब्जियों की आवक में भारी कमी के चलते कीमतों में अचानक तेज उछाल देखने को मिल रहा है। खासकर बरबट्टी, भिंडी, टमाटर, सेमी, ग्वारफली और मिर्ची जैसी रोजमर्रा की सब्जियां अब आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं।बारिश के कारण किसान खेतों में जुटे हुए हैं, जिससे स्थानीय सब्जियों की कटाई और मंडियों तक उनकी सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। मंडियों में स्थानीय सब्जियों की आवक लगभग 40 प्रतिशत घट गई है। इस वजह से शहर में सब्जियों की आपूर्ति अब बाहर से की जा रही है, जिससे परिवहन लागत बढ़ने के कारण कीमतें और बढ़ गई हैं।

**दोगुनी हुई कीमतें-** एक सप्ताह पहले जो सब्जियां 30 से 40 रुपये प्रति किलो बिक रही थीं, अब उनकी कीमतें 60 से 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुकी हैं। फुटकर व्यापारी बता रहे हैं कि स्थानीय खेतों से अभी कोई भी सब्जी नहीं आ रही है, जिसके कारण दो दिन पहले 40 रुपये में बिकने वाली सब्जी अब 60 से 80 रुपये में बिक रही है। इस सप्ताह रसेला के साप्ताहिक बाजार में बरबट्टी और मिर्ची सबसे महंगी सब्जियां रहीं, जो 100 रुपये प्रति किलो तक बिक रही थीं। भिंडी की कीमत भी 50 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है।

### मौसम की अनियमितता बनी महंगाई की वजह



सब्जी व्यापारियों के अनुसार, मौसम की अनियमितता और अत्यधिक बारिश के चलते किसानों को सब्जियों की खेती में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टमाटर, भिंडी, करेला और हरी मिर्ची जैसी सब्जियों की स्थानीय उपलब्धता में भारी गिरावट आई है, जिससे उनकी कीमतों में 20 से 30 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हो गई है। व्यापारियों और किसानों को उम्मीद है कि यदि बारिश कुछ दिनों के लिए रुकती है और मौसम अनुकूल होता है, तो स्थानीय स्तर पर फसलों की कटाई और आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकेगी। इससे आने वाले समय में सब्जियों के दामों में कुछ गिरावट आ सकती है।

# छुरा-राजिम-फिंगेश्वर हाईवे पर सड़क हादसा, समाजसेवी मनोज ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा-राजिम-फिंगेश्वर हाईवे रोड पर 10 जुलाई को शाम करीब 4 बजे अकलवारा-कसेकेरा के बीच नाहर नाली पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पुल से जा टकराई, जिस पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं, जबकि दो अन्य को अंदरूनी चोटें आई हैं। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुँचाने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया गया, लेकिन नंबर व्यस्त होने के कारण एंबुलेंस समय पर नहीं पहुँच सकी।



ठीक उसी समय, उसी सड़क मार्ग से गुजर रहे समाजसेवी मनोज पटेल* की नजर सड़क किनारे पड़े घायल बाइक सवारों पर पड़ी। उनकी गंभीर ▸▸|शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में सहायक शिक्षक नवीन की मौत

**मैनपुर।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवभोग में सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर पदस्थ नवीन मांझी की सड़क दुर्घटना में मौत होने की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर रात नवीन मांझी अपनी मोटरसाइकिल से गुरजीभाठा से करीब 1 किलोमीटर आगे एक मोड़ पर पेड़ से टकरा गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उन्हें तत्काल देवभोग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा अनंत राम मांझी ने बताया कि उन्हें कल रात करीब 8:30 बजे फोन से सूचना मिली कि उनके भतीजे का एक्सीडेंट हो गया है और वह सड़क पर पड़े हैं। परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुँचे और उन्हें निजी वाहन से देवभोग अस्पताल ले आए, जहां कुछ समय बाद डॉक्टरों ने नवीन मांझी को मृत घोषित कर दिया। अनंत राम मांझी ने बताया कि नवीन मांझी देवभोग के हाईस्कूल में विज्ञान के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। उनकी असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में गहरा दुख व्याप्त है।

### गायत्री चेतना केंद्र में दो दिवसीय युवा शिविर आज से

**फिंगेश्वर।** गायत्री चेतना केन्द्र फिंगेश्वर में दो दिवसीय 12 एवं 13 जुलाई को व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। इस शिविर में अंचल के पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया हैं। शिविर को लेकर गायत्री परिवार के प्रमुख एच एल साहू ने बताया कि युवाओं मे व्यक्तत्वि के निर्माण एवं नैतिक मूल्य पर अधारित शिक्षा दी जावेगी जिसे ग्रहण कर युवा सामाजिक जीवन मे अपने व्यक्तत्वि पर निखार लाकर समाज मे अलग से जाने एवं पहचाने जायेंगे एवं अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल होंगे। इसके साथ ही समय प्रबंधन, मेमोरी पावर एवं स्वस्थ रहने की कला भी इस शिविर में सिखाया जायेगा। जीवन के कुछ व्यस्तम पल मे शिविर को दो दिन का समय देकर आप जीवन भर की सीख प्राप्त कर सकते है। इसलिए इस अमूल्य पल को पाने के लिए अपना अमूल्य समय निकालकर इस शिविर मे अवश्य ही पधारे।

### प्रभु दर्शन भवन का उदघाटन कल

**राजिम।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय श्यामनगर में 14 जुलाई को सुबह 11 बजे प्रभु दर्शन भवन का उदघाटन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी पुष्पा दीदी करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच सुलोचना निर्मलकर मौजूद रहेंगे। यह जानकारी केंद्र के संचालिका ब्रम्हाकुमारी शीला बहन ने दी।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में श्रीराम कथा का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 8 जुलाई से 16 जुलाई तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मेहर रीवा मध्यप्रदेश से कथावाचक कृष्णनंद महाराज द्वारा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा की शुरुआत की। प्रवचन में कृष्णानंद महाजन ने कहा कि रामचरितमानस कवि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य है। इस ग्रंथ में 7 कांड हैं, राम कथा युगों से गाई और सुनाई गई है। मानव जीवन के उधार के लिए हर मनुष्य के जीवन में राम कथा का एक विशेष महत्व है। प्रभु श्रीराम के बाल रूप का वर्णन और उनके राम जन्म का कथा में बताया गया। इस अवसर पर रमेश तिवारी, शुभम मिश्रा, भूषण कौशल्या चंद्राकर, किशन लाल, गीता चंद्राकर, चमन रीखा चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, चंद्रिका, लता, दुर्गा, ममता, सुमित्रा, त्रिवेणी, सरोज, लक्ष्मी, कामता आदि मौजूद रहे।




### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाया गया गुरु पर्व

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर गुरु पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में ज्ञान की देवी माता सरस्वती की अर्चना के बाद विद्यार्थियों द्वारा उनको पुष्पांजली अर्पित की गई। समस्त गुरुजनों का सम्मान किया गया। कक्षा 6वीं से अंकित प्रधान ने गुरु पूर्णिमा का इतिहास बताते हुए कहा कि हमारे देष में गुरु महत्व मनुष्य के जीवन में सनातन काल से प्रथम स्थान पर रहा है और गुरु के मार्गदर्शन के बिना हमारा जीवन दिशाहीन हो जाता है। महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना कर गुरु का महत्व शीर्ष स्थान पर स्थापित कर दिया है। कक्षा 5वीं के आर्यन वर्दे ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए संत कबीर का दोहा सुनाया। हायर सेक्शन में कशिश खान, निशा एवं विधि द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई। अंत में समस्त गुरुजनों का आशीर्वाद विद्यार्थियों ने प्राप्त किया।



### बरभांठा में मनाई गई गुरु अमरदास जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बरभांठा में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के प्रथम पुत्र गुरु अमरदास बाबा की जयंती मनाई गई। सबसे पहले गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र, जोड़ा जैत खाम, गुरु गद्दी व गुरु अमरदास बाबा की छायाचित्र में माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित संत टेकराम भारती, देवेंद्र राय (अध्यक्ष प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सराईपाली), झालबाई राय (सरपंच ग्राम पंचायत सिंघनपुर), जया आवड़े ( एफएलसीआरपी), गोवर्धन आवाडे, नंदू टंडन, भारत टंडन (वार्ड पंच), देवानंद जांगड़े, समीर भारती, प्रियंका भारती, लक्ष्मी भारती, उचित भारती आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सड़क में गड्ढे ही गड्ढे



**नर्रा।** बिंद्रावन से बोइरगांव जाने वाले प्रधानमंत्री सड़क में गड्ढे ही गड्ढे है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों रहगीर आवागमन करते है। ज्ञात हो कि ग्राम बिंद्रावन से ही सड़क की डामर उखड़कर जगह जगह गड्ढे हो गए है, जिससे बरसात का पानी का भराव होने से मोटर साइकिल चालक हादसे की शिकार हो रहे है। इस मार्ग पर आए दिन क्षमता से अधिक लोड़ गिट्टी से भरे डंपर वाहन चलने की वजह से सड़क खराब रही है। विभाग से शीघ्र ही सड़क मरम्मत करने की मांग की है।

# परकोम में मिडिल स्कूल भवन जर्जर वैकल्पिक व्यवस्था में कक्षाएं संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम परकोम के पूर्व माध्यमिक शाला भवन जर्जर अवस्था है। बता दें कि यह भवन काफी पुराना होने से छत का प्लास्टर फर्श पर गिरने लगे है और दिवाल पर दरार पड़ सी गई है, कभी भी छत भरभरा कर गिर सकता है।

इस क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल ने शाला का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां वहां के शिक्षकों के साथ जर्जर भवन का जायजा लिया। यह जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर नवीन भवन की दरकार वहां कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक बच्चे को वैकल्पिक व्यवस्था में अन्य कमरे में संचालित हो रही है। एक ओर जहां शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्कूली शिक्षा और सुविधा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें व घोषणाएं तो की जाती है लेकिन बच्चे जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीण व पालक विभाग को अवगत कराने के बाद भी सुध नहीं लेना समझ से परे है।





# गली में पेवर ब्लॉक लगाने व्यवसायियों ने पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** कचहरी चौक हनुमान मंदिर के सामने रोज कंप्यूटर गली के दुकान संचालकों ने गली में जल जमाव व कीचड़ की समस्या बताते हुए पेवर ब्लॉक लगाए जाने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को ज्ञापन सौंपा।

व्यवसायियों ने बताया कि गली की वर्तमान स्थिति अत्यंत खराब है। कीचड़ के कारण राहगीरों एवं ग्राहकों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। जिससे उन्हें व्यवसाय करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेवर ब्लॉक



लगने से इस गली में कीचड़ की समस्या से निजात मिल जाएगी। दुकानदारों की समस्या सुनकर पालिका अध्यक्ष साहू ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया है कि स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ की जाए। इस अवसर पर धर्मेंद्र डडसेना, महादेव मदनकार, जीवन निर्मलकर, नीरज कुमार साहू, महेंद्र वर्मा, राजकुमार साहू, अविनाश घोड़ेसवार, विक्रम चंद्राकर, शरद सोनी, खेमराज पटेल, सुमन साहू आदि व्यवसायी गण उपस्थित थे।

### जिला जेल में जीवन कौशल विकास के विषय पर हुई कार्यशाला



**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल में बंदियों और स्टॉफ के साथ जीवन कौशल विकास पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में बंदियों को जीवन कौशल विकास, आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नहीं लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि बताया गया। वहीं रोकथाम के उपाय बताए गए। इसमें अपनी दैनिक दिनचर्या को ठीक रखें, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक-दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योग अभ्यास करें, स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद लें, टीवी देखें, डीप ब्रीथिंग बलून आदि बताया गया। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे मनोरोग, खोमन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में गुरु पूर्णिमा पर्व पर विद्यालय के आचार्यों एवं कर्मचारियों के सम्मान का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय संचालन समिति के कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी रहे। अध्यक्षता संचालन समिति की सधारण सभा के सदस्य अनिल पुरोहित ने की। अद्वैत प्रभा मंडल के किरण छत्रे व गौतम जैन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने महर्षि वेद व्यास, भारत माता, ओम एवं सरस्वती माता के चित्रों पर दीप प्रज्वलन कर किया। पश्चात मां सरस्वती की वंदना हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थी भैया बहिनों द्वारा गीत, भाषण एवं कविता के माध्यम से भगवान राम और कृष्ण के जीवन से प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से बच्चों को गुरु के प्रति श्रद्धा और अनुशासन का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पुरोहित ने कहा कि आज शिक्षा का दायरा सीमित हो गया है। आचार्य चाणक्य, रामकृष्ण परमहंस एवं जीजा बाई का स्मरण कर पुरोहित ने



कहा कि सशिमं के आचार्यों-दीदीयों को अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना व संस्कारों से युक्त भावी पीढ़ियों को गढ़ने की अपनी महती भूमिका का सतत स्मरण रखना चाहिए। हम अपने प्रयासों से ज्ञान, व्यवहार और विद्याभारती के लक्ष्य को सामने रखकर नई पीढ़ी को अच्छी तरह तैयार कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने गुरु की महिमा और उनके जीवन में महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को गुरु के पांच स्वरूपों जन्मदात्री माता, पालन-पोषण करने वाली धरती मां, पिता, आचार्य और आध्यात्मिक गुरु के बारे में जानकारी दी और कहा कि जैसे सूर्य उदय होकर संपूर्ण विश्व को प्रकाश देता है और किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करता उसी प्रकार शिक्षक भी अपने ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित करता है और बिना भेदभाव के नई पीढ़ी का निर्माण करता है। विशेष अतिथि गौतम जैन ने गीत के माध्यम से भैया/बहिनों को गुरु को महिमा बताई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संचालन समिति की ओर से सभी कार्यरत आचार्यों एवं कर्मचारियों को गणवेश, श्रीफल और पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर, कार्यालय प्रमुख कौशलचंद्र साहू, समस्त आचार्य बंधु/भगिनी एवं सभी भैया/बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कन्या भारती अध्यक्ष पौरवी देवांगन और साधना देवांगन ने किया।

## गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जय हिंद कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसकी संपूर्ण रूपरेखा विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई थी। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का तिलक, पुष्पगुच्छ व श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर बीएड समूह के विद्यार्थियों ने गुरु महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु जैसे भजनों ने समस्त वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस भावपूर्ण आयोजन ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को पुनः स्मरण कराया और सभी शिक्षकों की आंखें



नम कर दीं। कॉलेज प्राचार्या डॉ पुष्पलता देशमुख ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और संस्कृति के प्रति आदरभाव जागृत होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएड विद्यार्थियों द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पुष्पलता देशमुख ने किया।

## सुरक्षा बल जवान ने बिंद्रावन स्कूल के बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में ग्राम के युवक सीआईएसएफ में कार्यरत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवान डोलसन ठाकुर ने न्योता भोज का आयोजन किया। भोज में स्कूली बच्चों के साथ साथ शिक्षक भी शामिल हुए। शाला के अध्यक्ष भोगसिंग ठाकुर के सुपुत्र डोलसन ठाकुर बचपन से मेधावी एवं होनहार प्रतिभावान छात्र रहे हैं। इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण किया है। जिसमें ग्राम के युवा पीढ़ी को सेना में सेवा करने का एक नया प्रेरणा दिया। इस दौरान प्रधान पाठक गोविंद सिंह ने सभी



बच्चों से जवान की परिचय कराया। शिक्षकों द्वारा जवान का गुलाल से स्वागत सम्मान किया गया। जवान ने बच्चों एवं शिक्षकों के लिए मिठाई में काजू कतली से मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोगसिंग ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधि पंच पूर्व सरपंच लुभेश्वर पांड़े, पूर्व जनपद सदस्य उत्तम राणा, झाडूराम पांड़े, शशिकला राणा, गायत्री राणा, संकुल समन्वयक खगेश्वर साहनी, शिक्षक गोविंद सिंह, वैशाली निगम, रामप्रसाद साहू, डगौरी यादव, नीता ठाकुर एवं धनेश्वरी बांसकर उपस्थित रहे।

# जीवनदीप समिति की बैठक में नपाध्यक्ष ने सुविधाएं बढ़ाने दिए निर्देश

## स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर देखी सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, भौतिक संसाधनों की उपलब्धता और सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रभारी कर्मचारी ने स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाले स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी तथा आने वाले समय में सेवाओं में सुधार होने की बात कही। अध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर की सबसे बड़ी आबादी नयापारा क्षेत्र के लोगों के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र अत्यंत



उपयोगी है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा की उम्मीद लेकर यहां उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में मरीजों के लिए संपूर्ण सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो इसका विशेष ध्यान रखें। साहू ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

**मोहिनी का अध्यक्ष ने किया सम्मान:** जीवन दीप समिति की बैठक के दौरान नपाध्यक्ष साहू को यह जानकारी मिली कि यहां स्टाफ नर्स के रूप में मोहिनी यादव द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है। जिस पर उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंटकर मोहिनी का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती मोहिनी द्वारा दी जा रही निःशुल्क रूप से निस्वार्थ सेवा अत्यंत प्रेरणास्पद है। उनके समर्पण व मरीजों के प्रति सेवा भाव को हम प्रणाम करते हैं। ऐसे सेवा भावी व्यक्तित्व से समाज में परिवर्तन आता है।

## पेज 9 के शेष...

### श्री साई बाबा स्थापना...

उत्सव ,रामनवमी, विजय दशमी ,कृष्ण जन्माष्टमी और साई भक्तों द्वारा भारतीय धर्मगुरु श्री शिरडी साई ग्लोबल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रभानू सतपथी महाराज का जन्म दिवस 24 दिसंबर को विशेष रूप से मनाया जाता है जिसमें भक्तों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर , वस्त्र दान, स्कूली बच्चों को पेन कॉपी आदि का वितरण, बुजुर्गों और वरिष्ठजनों का सम्मान ,गुरुओ का सम्मान और प्रसाद वितरण आदि प्रकार के ,कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समय समय पर संस्थान द्वारा जन प्रतिनिधियों और नगर में विशेष रूप से दक्षता प्राप्त छात्र छात्राओं और नगर वासियों का भी सम्मान किया जाता है कोरोना काल में भी साईं भक्तो ने जरुरत मंदों की सहायता की थी । श्री ठाकुर ने कहा कि यह साईं सेवा संस्थान साईं भक्तो का साईं भक्तो के लिए और साईं भक्तो द्वारा संचालित है। श्री साई सेवा संस्थान के लाला साहू , विश्वजीत सिंह , मुकेश अवसरिया ,संजय यादव , सफीक धीवर , गोपी धीवर , संजय ठाकुर , राजेश धीवर ,अशोक यादव , दुर्गा प्रसाद धीवर , मालती ठाकुर , मनीषा साहू और अश्वनी राजपूत ने साई भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।

### खेत जलमग्न...

एसडीओ विष्णु विनोद मलैया को फोन कर समस्या का समाधान करने और मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया। किसानों का कहना है कि धान का छिड़काव हो चुका है और खेतों में पानी भरा होने से अंकुरण प्रभावित होने का डर है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो उन्हें दोबारा बोनी करनी पड़ सकती है, जिससे कृषि कार्य की लागत काफी बढ़ जाएगी। किसानों ने सिंचाई विभाग, फिंगेश्वर के अधिकारी-कर्मचारियों पर आरोप लगाया है कि बारूला नाली की काफी समय से सफाई नहीं की गई है, जिसके कारण पानी की निकासी अवरुद्ध हो गई है। उनका कहना है कि सिर्फ कागजों में सफाई दर्शाई गई है, जबकि नहर माइनर में मोटी परत की सिल्ट और कचरा जमा हो गया है। इसी वजह से बरसात के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और माइनर तथा खेत बराबर की स्थिति में आ गए हैं, जिससे पानी ओवरफ्लो होकर खेतों की ओर बढ़ रहा है। किसानों ने सिंचाई विभाग से माइनर की सफाई की मांग की है ताकि पानी का उपयोग उनकी सुविधा के अनुसार हो सके। **अधिकारी ने लिया जायजा, जल्द होगी सफाई-** इधर, विधायक के निर्देश के अनुपालन में विभाग के अधिकारी एसडीओ विष्णु मलैया और कर्मचारी बारूला पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पानी कम होने के बाद जेसीबी मशीन से माइनर से सिल्ट निकालने का काम किया जाएगा।

### छुरा-राजिम...

हालत देखकर मनोज पटेल ने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और बिना देर किए तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। समाजसेवी मनोज पटेल ने बाद में घायलों से संपर्क कर उनका हालचाल जाना। घायलों ने बताया कि वे अब ठीक हैं और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आप ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर हज़ारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षकविहीन हो गए हैं। 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है, सरकार, नाकामी छुपाने 10 हजार स्कूल बंद कर दिया गया। ताकि, छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी नहीं देना पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आम आदमी पार्टी विरोध जताती है।



आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों को आपस में मिलाया गया, शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया और कई छोटे स्कूलों को बंद किया गया। लेकिन, वास्तविकता में इसके नतीजे कई जगहों पर नकारात्मक साबित हुए। युक्तियुक्तकरण के तहत जब दो स्कूलों को मिलाया गया, तो कई छात्रों को अब 3-5 किमी दूर स्कूल जाना पड़ रहा है। इससे खासकर बालिकाओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। जहां एक ओर शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया, वहीं कई स्कूल ऐसे रह गए जहाँ विषय विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं हैं। बच्चों को बिना गणित या विज्ञान शिक्षक के पढ़ाई करनी पड़ रही है। कई स्थानों पर बिना स्थानीय स्थिति को समझे स्कूलों का विलय किया गया। इससे सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक बाधाएं सामने आईं। जो स्कूल बंद कर दिए गए, उनके भवन जर्जर हो रहे हैं, और कई जगहों पर सरकारी संसाधन व्यर्थ जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर सिद्धी विनायक आश्रम में श्रद्धालु उमड़े

**फिंगेश्वर।** नगर के सिद्धी विनायक आश्रम फिंगेश्वर में 10 जुलाई को भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन महराज के दर्शन करने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने दिन भर लोगों का तांता लगा रहा। इसी कड़ी में नगर के भाजपा नेता रामूराम साहू एवं टिंबर मार्ट के व्यवसायी नोसराम साहू ने भी महराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त प्रसाद ग्रहण किया।

### खपरी में गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान

**फिंगेश्वर।** गुरू पूर्णिमा पर्व पर ग्राम पंचायत लचकेरा के आश्रित ग्राम खपरी में स्कूल शिक्षकों को गुलाल टीका लगाते हुए उन्हे शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कोमल ढीढी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिन्हा, मंडल महामंत्री प्रेमलाल टोडर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिपं सदस्य संजय नेताम ने पेश की मिसाल, 2 आदिवासी छात्राओं को मिलेगी मेस सुविधा

**मैनपुर।** एक तरफ राज्य व केन्द्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े-बड़े दावे करते नहीं थक रही है। हर बच्चे को शिक्षा दिलाने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ जिले के मैनपुर विकासखण्ड दूरस्थ



वनांचल अंतर्गत अतिसंवेदनशील ग्राम भुतबेड़ा के दो छात्राएं कुमारी जानकी जाति गोड़ एवं कुमारी नंदनी मरकाम जाति गोड़ दो छात्राओ को प्री मेट्रिक आदिवासी कन्या छात्रवास में सुविधा नहीं मिलने से पढ़ाई से वंचित होना पड़ रहा है जो शासन प्रशासन के तमाम विकास के दावों की पोल खोलकर रख देती है। ऐसे विषम परिस्थिति को देखते हुए जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य संजय नेताम ने अपने मानदेय से छात्राओ के लिए मेश सुविधा उपलब्ध कराने आवेदन संबंधित विभाग के अफसर को सौंपा है। वहीं दूसरी ओर छात्रवास अधीक्षिका के द्वारा छात्रवास उपलब्ध होने के बाद मेस के लिए बजट का अभाव बताया गया। बच्चों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए मैने निर्णय लिया है कि इन दोनों बच्चों के छात्रावास में मेस हेतु आने वाले व्यय का जिला पंचायत सदस्य के रूप में मुझे मिलने वाली मानदेय से व्यवस्था किया जाए।

### ज्ञान केंद्रीय तत्व, गुरुओं की परंपरा को आगे बढ़ाते हैं विद्यार्थीः अनुसुइया

**महासमुंद।** गुरु पूर्णिमा पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति में गुरु- शिष्य परंपराः विविधविध योगदान विषय पर अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल शामिल हुई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि नॉर्वे से सुरेश चंद्र शुक्ल शरद आलोक एवं अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा पूर्व शिक्षा अधिकारी थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इकाई के रूप में डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने कहा कि गुरु का सम्मान आज कम हो चला है। आजकल विद्यार्थी शिक्षक से कटकर रहते हैं। उन्हें काम से मतलब है। अध्ययन वर्षों की समाप्ति यानी डिग्री प्राप्ति के पश्चात विद्यार्थी अपने गुरुओं से कोई वास्ता नहीं रखते जो गलत है। गुरु के महत्व को आज नई पीढ़ी तक पहुंचाना अति आवश्यक है। गुरु ही मूल्यों को गढ़ता है, संस्थान महत्वपूर्ण नहीं होते। असल महत्व जीवित गुरु का होता है। गुरु अपने व्यक्तित्व, ज्ञान, कला कौशल और प्रेरणा से विद्यार्थियों को कुछ न कुछ सिखाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि गुरुओं में ज्ञान केंद्रीय तत्व है, विद्यार्थी गुरुओं की उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। एक विद्यार्थी गुरुओं द्वारा दिए गए संस्कारों का श्रेष्ठ संवाहक हो सकता है।
मुख्य अतिथि शुक्ल ने कहा कि, वेद और गुरु ग्रंथ साहिब भी गुरु हैं। गुरु ही अपने शिष्यों को मानव से महामानव बनता है तथा सभी लोगों की प्रथम गुरु मां होती है।

---

**कार्यक्रम : रसेला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ पौधा रोपण**

# प्रकृति को संरक्षित करेंगे तो, हमारा भविष्य सुरक्षित होगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला शुक्रवार को एक खूबसूरत सुबह का साक्षी बना, जहां हल्के बादलों की ओट से छनकर आती धूप के बीच हरियाली की महक से वातावरण भर उठा। इस अवसर पर विकासखंड स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों को हरित बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधों की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके बाद सभी अतिथियों ने पौधरोपण किया। कलेक्टर बीएस उइके ने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाना और ग्रामीण क्षेत्रों को हरित क्रांति एवं स्वच्छ बनाना है। उन्होंने जोर दिया, प्रकृति हमें जीवन देती है, यदि हम उसे संरक्षित करेंगे तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण करना चाहिए। खासकर मां के नाम पर लगाया गया पौधा उसके प्रति श्रद्धा, प्रेम और जिम्मेदारी का प्रतीक होगा। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि मां के त्याग और ममता को प्रकृति के माध्यम से सम्मान देने का प्रयास है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने आंगन, खेत की मेड़ों और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने में सहभागी बनें।



### पौधा लगाना ही सबसे बड़ा पुण्य



यह कार्यक्रम केवल पौधा रोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों के दिलों में हरियाली, जीवन और मां के प्रति सम्मान का बीज भी बोया गया। आयोजन के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि पेड़ लगाना ही सबसे बड़ा पुण्य है। इस मौके पर एसडीएम ऋषा ठाकुर, तहसीलदार गैंदालाल साहू, बाल विकास परियोजना अधिकारी सी एल साहू, जनपद सीईओ सतीश चंद्रवंशी, डिप्टी रेंजर डोमेश्वर साहू, पटवारी कमलेश सिंहा, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, बिग्रेद्र ठाकुर, पंचगण पीला बाई ठाकुर, रजनी बाई यादव, कंसराम ठाकुर, दमयंतीन नागेश, सरिता ठाकुर, नरेश सोरी, कुबेर भुजिया, ओंकार ठाकुर, देवकी ठाकुर, मालती मरकाम, निर्मला निषाद सहित महिला स्व सहायता समूह के सभी सदस्यगण और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पौधा रोपण अभियान को जनांदोलन बनाया जाएगा

जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा ने कहा कि वृक्ष जीवनदायिनी हैं, जो न केवल शुद्ध हवा, फल, छाया और ईंधन देते हैं, बल्कि भूमिगत जलस्तर को भी बनाए रखते हैं। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि हर पंचायत में पौधा रोपण अभियान को जनांदोलन बनाया जाएगा ताकि छुरा ब्लॉक हरियाली के मामले में जिले और राज्य में एक उदाहरण बन सके। कार्यक्रम के अंत में उद्यानिकी विभाग के साहू ने पौधारोपण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल संकुल संगठन कनसिंघी की पदाधिकारी और महिला समूह की दीदियों ने भी एक स्वर में कहा कि वे हर सीजन में वृक्षारोपण करेंगी और पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर पर आसपास, स्कूल परिसर और सार्वजनिक स्थानों में पौधारोपण का संकल्प लिया।

---

# पशुधन हमारी अर्थव्यवस्था के संवाहक हैं : विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ जिला पशु चिकित्सालय भवन का विधायकद्वय ने किया लोकार्पण

जिला मुख्यालय गरियाबंद के समीपस्थ ग्राम केशोडार में जिला पशु चिकित्सालय का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू पहुंचे तथा अध्यक्षता बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष रिखिराम यादव,जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष लेखराम साहू, जनपद सभापति कृषि मुकेश सूर्यवंशी, जनपद सदस्य हेमा मिरी, सरपंच नगीता दीवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा आदि शामिल हुए। यह पशु चिकित्सालय 20 लाख रूपये की लागत से निर्मित हुआ है। मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि गौवंश प्राचीनकाल से ही हमारे लिए आय का जरिया रही है, गौमाता के आशीर्वाद से ही मुझे आज यह मुकाम हासिल हुआ है। मुख्य अतिथि रोहित साहू ने अपने परिवार में किए जा रहे गौपालन के अनुभव को भी साझा किया तथा कहा कि गौपालन एवं गौसेवा का कार्य अत्यंत पुण्य का कार्य है। गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है उनकी सेवा से 33 कोटि देवी- देवताओं का आशीर्वाद हमें मिलता है। हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। हम डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।





### सर्वसुविधायुक्त पशु चिकित्सालय से पशु उपचार होगा सहज

बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने समूचे स्टॉफ और यहां के लोगों को पशु चिकित्सालय के उद्घाटन पर बधाई दी और कहा कि सर्व सुविधायुक्त पशु चिकित्सालय के निर्माण होने से यहां पशुओं के उपचार सहज तरीके से होंगे जो कि यहां के लोगों के लिए बहुत बड़ी सुविधा है। कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष रिखिराम यादव व अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया तथा सभी अतिथियों ने नवनिर्मित पशु चिकित्सालय का अवलोकन भी किया। इसके पूर्व उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. ओपी तिवारी ने विभाग का प्रतिवेदन अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा मांगों से विधायकद्वय को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल चंद्राकर ने किया तथा डॉ. वीपी यादव ने उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप भोंसले, पार्षद सूरज सिन्हा, भाजपा नेता अजय रोहरा, राजू साहू, परमेश्वर सेन, सागर मयाणी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर, डॉ. चारुमिता चंद्राकर, डॉ. योगेश नायक, डॉ. तामेश कंवर, डॉ. शारदा डहरिया, डॉ. भीष्म साहनी साहू, डॉ. किशोर पटेल, डॉ. दिनेश्वरी मारकंडे, डॉ. आरएन शर्मा, डॉ. वेदप्रकाश सोनवानी, मधुकर पारखी, यशवंत साहू, मुकुट राम कंवर, अमृत सिन्हा, निखिलेश देशमुख, नर्मदा कपूर, पुरंदर वर्मा, जितेंद्र सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

# प्राथमिक शाला, धूमा में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन

**श्यामनगर।** शासकीय प्राथमिक शाला, धूमा में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव/" का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता होरीलाल वर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रोहिणी वर्मा, डोमार सिंह ध्रुव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं आरती कर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। बच्चों को शिक्षण सामग्री, गणवेश, स्कूल बैग एवं पुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार प्रकट किया और सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की कि वे विद्यालय के प्रयासों में सहभागी बनें और बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत करें।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट बनवाने 14 से 19 जुलाई तक लगेगी शिविर

**मैनपुर।** परिवहन कार्यालय, गरियाबंद द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, जिला परिवहन कार्यालय मैनपुर ब्लॉक में एक विशेष शिविर का आयोजन कर रहा है ताकि वाहन मालिक आसानी से अपनी एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवा सकें। शिविर का कार्यक्रम इस प्रकार है 14 जुलाई ग्राम पंचायत भवन काण्डेकेला,
15 जुलाई ग्राम पंचायत भवन बुरजाबहाल, 16 जुलाई पंचायत भवन कुचेंगा, 17 जुलाई पंचायत भवन शोभा, 18 जुलाई पंचायत भवन बोईरगांव, 19 जुलाई, शनिवार पंचायत भवन गोपालपुर इन शिविरों में उपस्थित होकर नागरिक एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

---

### फणीकेश्वर नाथ मंदिर में सावन के पहले दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**फिंगेश्वर।** सावन मास के पहले दिन प्राचीन और ऐतिहासिक फणीकेश्वर नाथ मंदिर में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालु बेलपत्र, नारियल, पुष्प और श्रीफल लेकर भगवान फणीकेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने और मन्नतें मांगने के लिए पहुंचते रहे। पंचकोशीय धाम में स्थित इस प्राचीन मंदिर में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं और युवतियां अधिक संख्या में देखी गईं। नगर के लोगों का मानना है कि सावन मास में शिव की भक्ति से अधिक पुण्य मिलता है, क्योंकि भगवान शिव को साक्षात धरती के देवता माना जाता है। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु के योग निद्रा में जाने पर उनका दायित्व भगवान शिव संभालते हैं, इसलिए इस मास का मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व है। यह भी कहा जाता है कि एक लोटा जल सभी समस्याओं का हल है और सच्चे मन से की गई प्रार्थना भगवान शीघ्र सुनते हैं। इस मास में भगवान सत्य के साथ अपनी सुंदरता लिए होते हैं, इसलिए उन्हें सत्यम शिवम सुंदरम भी माना जाता है। पुरातत्व विभाग के अनुसार, यह मंदिर 14वीं सदी में स्थापित हुआ था, जो इसके महत्व को और बढ़ाता है। शिव की शक्ति में आस्था रखते हुए भक्तों ने पहले दिन से ही अपनी भक्ति दिखाकर सावन पर्व का सम्मान किया। उम्मीद है कि मंदिर में पहले सोमवार को सर्वाधिक भीड़ रहेगी।



---

# पीसीसी चीफ का बीजेपी पर तंज, चिंतन शिविर नहीं, सरकारी पिकनिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ जन न्याय पदयात्रा को लेकर' हुई प्रेस वार्ता

जन न्याय पदयात्रा में शामिल होने गरियाबंद पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने न्यू सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने हाल ही में मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय चिंतन शिविर पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि चिंतन शिविर के बहाने भाजपा के नेता सरकारी पिकनिक मना रहे हैं और वहाँ बैठकर नैन-मटक्का कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की खून-पसीने की कमाई से सरकार मौज-मस्ती कर रही है और गाजे-बाजे के साथ डांस कर रही है। बैज ने कहा की अगर भाजपा की सरकार ने जनता के हित में कोई काम किया होता तो उन्हें चिंतन शिविर की जरूरत ही नहीं पड़ती। लेकिन अब जब सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है, तब दिखावे के लिए चिंतन शिविर आयोजित कर रहे हैं।

**जन न्याय पदयात्रा का उद्देश्य सरकार की नाकामी उजागर करना**-प्रेस वार्ता में पीसीसी चीफ ने बताया कि बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की 14 सूत्रीय स्थानीय मांगों को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जन न्याय पदयात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा मैनपुर से शुरू होकर राजधानी रायपुर तक चलेगी, जहाँ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उन्होंने कहा कि मैनपुर क्षेत्र की जनता आज भी शुद्ध पेयजल, बिजली, राशन, स्कूल भवन और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। जब इन बुनियादी समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर रही, तब मजबूरी में जनता की आवाज राज्यपाल तक पहुँचाने के लिए यह पदयात्रा की जा रही है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि व्यवस्था पर सरकार फेल**- दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह चरमराई हुई बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश भर में 10 हजार से अधिक स्कूल बंद कर दिए गए हैं और युक्तियुक्तकरण के नाम पर 45 हजार शिक्षकों को प्रभावित किया गया है, जिसमें कई महिला शिक्षकों को 200 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अतिशेष शिक्षक बताकर भाजपा सरकार शिक्षकों से वसूली अभियान चला रही है।

**कांग्रेस की सातवीं न्याय यात्रा जारी**- उन्होंने बताया कि कांग्रेस अब तक प्रदेश में छह न्याय यात्राएं निकाल चुकी है और यह सातवीं जन न्याय पदयात्रा है। इस यात्रा के माध्यम से आम जनता की पीड़ा और सरकार की नाकामी को उजागर किया जाएगा। पीसीसी चीफ ने आगे कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। ऐसे में कांग्रेस हर स्तर पर जाकर जनता को सच्चाई से अवगत कराएगी और सरकार की असफलताओं को उजागर करेगी।




## खबर संक्षेप



### भैंसातरा में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामकुमार साहू, होरीलाल दीदी, रूप लाल साहू, नेमूराम साहू, पुरुषोत्तम कुमार साहू थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अंजनी ध्रुव तथा पंचकुमारी ध्रुव ने समस्त शिक्षकों का श्रीफल एवं गमछा भेंट कर तिलक लगाकर सम्मान किया। सरपंच ने कहा कि हमें हमेशा अपने गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। गुरु ही अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला है। इसलिए हमें गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। मुख्य अतिथि से संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि गुरु ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें शिक्षित करता है। तथा उनका भविष्य उज्जवल हो ऐसी शिक्षा देता है। इस अवसर पर पुष्पांजलि साहू, कुसुम यादव और तथा समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### किसानों को वितरित की गई खाद, बीज और दवाई



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत किसानों को अरहर बीज वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के सभापति राजेश साहू ने बताया कि मिशन के अंतर्गत दलहन बीज सब्सिडी शुल्क तथा दवाइयां व खाद पूरी तरह निशुल्क प्रदान किए गए। जिसमें 60 किसानों को अरहर बीज वितरण किया गया। कृषि विस्तार अधिकारी विजय साहू, केएस नरेटी ने किसानों से कहा कि अरहर बीज खेत के मेड़ या भर्री-भाटा में बोवाई किया जाता है। इस अवसर पर बीज कीट नीम कोड, लिक्विड पोटाश, कीटनाशक पाउडर दिया गया। मालूम हो कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य विनीता साहू, सरपंच राजेश्वरी पटेल, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, उपसरपंच राधे पटेल, रोहित पटेल, सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, शिव साहू, राजेन्द्र साहू, छबि साहू, पंच लेखराम साहू, पवन देवांगन, भगवान दास साहू, जीवनदास डायरिया मौजूद थे।

### जयकुमार मंदिर समिति के बनाए गए अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** श्री नीलकंठ मंदिर समिति का पुनर्गठन लगभग 20 वर्षों के बाद मंदिर सभा कक्ष में



हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से सर्वराकार दिलीप गुप्ता एवं अजय गुप्ता, संरक्षक प्रहलाद अग्रवाल एवं श्रीकांत गुप्ता, अध्यक्ष जयकुमार गुप्त, उपाध्यक्ष-डॉ प्रमोद गुप्ता, सचिव डॉ. रमाकांत महाराज, सहसचिव रमेश साहनी, कोषाध्यक्ष श्यामकिशोर गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य नंदकुमार शर्मा, गजानंद यादव, महेश साहनी, चंद्रकान्त देवांगन, पंडित कन्हैया तिवारी, रश्मि-विनोद शर्मा, आशा-प्रदीप शर्मा ,ममता-राजेंद्र शर्मा, बृजकुमारी-रामकुमार शर्मा, एवं नीरू-विजय शर्मा। उपस्थित सभी सदस्यों ने नव मनोनीत सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही विगत वर्षों की भांति 11 जुलाई से 9 अगस्त तक, सावन मास में प्रतिदिन रुद्राभिषेक संपन्न कराने का निर्णय लिया। पंडित कन्हैया तिवारी प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे से रुद्राभिषेक संपन्न करायेंगे। पंडित तिवारी विगत 25 वर्षों से श्री नीलकंठ मंदिर में रुद्राभिषेक संपन्न करा रहे हैं।

### खाद उपलब्ध कराएं सरकार

**महासमुंद।** शिवसेना जिलाध्यक्ष अजय बंजारे ने कहा कि शिव सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश ईकाई किसानों की समस्या को लेकर गंभीर है और पूर्व में भी सरकार जब बारदाना नहीं है कारण बता कर धान खरीदी बंद कर दी गई थी।

## विडंबना : तीन वर्षों से अधूरा नल-जल मिशन, ग्रामीणों को टंकी से पानी नसीब नहीं

# देवरी, रवेली में जल जीवन मिशन का बुरा हाल, ग्रामीण अभी भी बैठे हैं आस लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण घर तक पाइपलाइन बिछाकर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, छत्तीसगढ़ के कोपरा क्षेत्र में भ्रष्टाचार और उदासीनता का शिकार हो गई है। प्रधानमंत्री आवास और घरों में शौचालय निर्माण के साथ ही इस योजना का क्रियान्वयन लोकमर्यादा के विपरीत हो रहा है। स्थिति यह है कि 2022 में शुरू हुई यह योजना, जिसे नौ महीने में पूरा होना था, दो साल बाद भी अधूरी है और कई स्थानों पर ठेकेदारों ने काम छोड़ दिया है, बावजूद इसके उन्हें 75 से 80 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। इन अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर होने की संभावना है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की देखरेख में फिंगेश्वर और छुरा ब्लॉकों के सैकड़ों गांवों में करोड़ों रुपये की लागत से यह काम चल रहा है। कई जगहों पर बोरवेल तो खोदे गए हैं, लेकिन जल स्रोत नहीं मिला है, फिर भी बड़ी जलटंकी और पाइपलाइन बिछाई गई है।



### देवरी ग्राम पंचायत में बदहाली का आलम

ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच सरिता साहू, उपसरपंच सुरेंद्र साहू, पंच राधेश्याम साहू और पंच उत्तम बंजारे सहित पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण इस स्थिति से बेहद परेशान हैं। ग्राम पंचायत देवरी में 11 अप्रैल 2022 को 86 लाख 32 हजार रुपये की लागत से जल प्रदाय योजना स्वीकृत की गई थी, जिसमें पाइपलाइन बिछाने, नल कनेक्शन देने, क्लोरिनेटर सिस्टम रूम बनाने का काम शामिल था। यह ठेका करण ट्रेडर्स को दिया गया था और इसे 10 जनवरी 2023 तक पूरा करना था। गांव के 335 घरों में नल कनेक्शन दिए जाने थे, लेकिन आज तक यह काम पूरा नहीं हुआ है। ठेकेदार ने काम अधूरा छोड़ दिया है। जलटंकी में लीकेज है और पानी टपक रहा है। जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों और



सरपंच ने आरोप लगाया है कि इस निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। भारी भरकम खर्च के बावजूद ग्रामीणों को तीन साल से कोई फायदा नहीं मिला है। गांव में पात्र हितग्राहियों के घरों और गलियों में नई पाइपलाइन बिछाने के बजाय पुराने पाइपलाइन में अधूरे कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं। जलटंकी मजबूत न होने के कारण पानी रिस रहा है और व्यर्थ बह रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं और उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया है। ठेकेदार और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों है। ठेकेदार अब फोन भी नहीं उठा रहे हैं। प्रतिनिधियों ने इन कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

कहीं जलटंकी में लीकेज है, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा है, और कहीं पाइप फटने से पानी टोंटी तक नहीं पहुंच रहा, बल्कि व्यर्थ बह रहा है। कुल मिलाकर, गरीबों को नल से स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है।

#### कार्रवाई की जाएगी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, राजिम के एसडीओ नवीन साहू ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस भेजा गया है और अधूरे या गुणवत्ताहीन काम के लिए कार्रवाई की जाएगी।

#### रवेली में भी यही हाल

इसी तरह, ग्राम पंचायत रवेली में भी लाखों की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कर उसे /"दुल्हन की तरह सजा दिया गया है, लेकिन ग्रामीण उसे प्रदर्शनी के रूप में देख रहे हैं क्योंकि बोर का खनन ही नहीं हुआ है।

#### जल्द चालू करवाएंगे

एसडीओ नवीन साहू ने बताया कि बिजली की सुविधा न होने के कारण काम रुका हुआ है और इसे जल्द ही चालू करवाया जाएगा।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का किया गया सम्मान





**पाण्डुका।** समीपस्त ग्राम पंचायत अतरमरा में गुरु पूर्णिमा की पावन अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिक, मिडिल स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ,जनपद सदस्य दुलारी साहू सहित ग्राम पंचायत अतरमरा के उप सरपंच एस कुमार सिन्हा सहित ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में शिक्षा स्वास्थ्य समिति के सभापति उप सरपंच यश कुमार सिन्हा ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर श्रीफल देकर उसका स सम्मान किया साथ ही हायर सेकेंडरी विद्यालय अतरमरा में वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य दुलारी साहू ने शिक्षकों के शिक्षा के प्रति सराहनीय कार्य के लिए सम्मान किया गया। जिस पर हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य देवांगन ने कहा कि जो सम्मान देता है। वह सम्मान पाता है आज मेरे पढ़ाये हुए। एक विद्यार्थी जनप्रतिनिधि बनकर मुझे सम्मानित कर रहा है। यह मेरे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंडरी शालाओं के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थिति रहे।

## देवगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम देवगांव में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं के तत्वावधान में बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पुरोहित योगेंद्र दुबे, अध्यापक भानु प्रताप ध्रुव और गोपाल सोनवानी का विशेष गुरु पूजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों और स्कूली छात्रों ने मिलकर गुरुजनों की आरती उतारी, तिलक वंदन किया और उन्हें श्रीफल व गमछा भेंट कर सम्मानित किया। यह आयोजन गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके महत्व को उजागर करने का एक सुंदर प्रयास था। इस मौके पर भाजपा बूथ अध्यक्ष आसाराम साहू, गंगा दिन साहू, शक्ति केंद्र सेंदर के सहसंयोजक ओमप्रकाश साहू (पूर्व सरपंच, ग्राम देवगांव) और भाजपा मंडल फिंगेश्वर के आमंत्रित सदस्य सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुजनों का किया सम्मान



**छुईहा बेलर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर के मार्गदर्शन में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बेलर गांव में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मलेशू राम ध्रुव और सेवानिवृत्त सहायक व्यवस्थापक जीवराखन साहू को सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर, कार्यकर्ताओं ने गुरुजनों को अंग वस्त्र और श्रीफल भेंटकर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। सम्मान समारोह में अमर सिंह साहू, खोमन साहू, लेखराम रात्रे, रमणीक साहू, महेतरू सिन्हा, गिरवर साहू, कार्तिक राम साहू, विष्णु राम साहू, लोखनु ध्रुव, सत्यम यादव, खेमन साहू, जागेश्वर विश्वकर्मा, गजेंद्र साहू, जयप्रकाश सिन्हा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह आयोजन गुरुओं के योगदान को सराहने और समाज में उनके महत्व को उजागर करने का एक सराहनीय प्रयास था।

## गुरू से ही मिलती है सार्थक दिशा : पंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

■ धमनी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर पौधा रोपण किया गया

संकुल केंद्र किरवई के शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने गुरूजनों का पूजन वंदन कर उन्हे श्रीफल भेंट किये तथा उनसे आशिर्वाद लिए। बच्चों ने गुरु वंदना एवं गुरु की महिमा के गीत कविता का वाचन किया। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र पंत ने गुरु की महिमा के संदर्भ में कहा कि गुरु से ही मानव जीवन को सार्थक दिशा मिलती है। गुरु के बिना किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण सम्भव नहीं है। गुरु वो प्रकाशपुंज है जो कि हमारे उज्जवल एवं आलोकित जीवन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन की प्रथम गुरु हमारी मां होती है। इसलिए हमें सदैव अपने माता -पिता और गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षक ने बच्चों को अपने माता- पिता के पूजन वंदन के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आह्वान पर पूरे देश में अपनी माँ को समर्पित करते हुए एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी मे शाला परिसर में छात्रों एवं उनकी माताओं तथा शिक्षकों द्वारा विभिन्न फलदार एवं अन्य पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आम, नींबू, अमरूद, सीताफल,जामुन, बादाम, कटहल, आंवला, अशोक का रोपण किया गया।



### पेड़ हमारे लिए जीवनदायिनी है

सभी लोगों ने पेड़ों के संवर्धन एवं संरक्षण की शपथ ली।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू द्वारा शासन के विशेष



अभियान पर चलाये जा रहे वृहद पौधा रोपण अभियान "एक पेड़ मां के नाम"कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए पेड़ लगाने से होने वाले विभिन्न लाभों से बच्चों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे लिए जीवनदायिनी है। पेड़ से हमें न केवल प्राण वायु, इमारती लकडी, फल, फूल, औषधी प्राप्त होते है अपितु पर्यावरण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है जो हमारे जीवन के लिए बहुत ही अनमोल है। उन्होंने सभी बच्चों को अपने घर के बाड़ी और अन्य खाली जगह पर एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करने की अपील किया।कार्यक्रम में प्रधान पाठक गोप कुमार साहू शिक्षक महेन्द्र पंत, पदमनी साहू, मनीषा दीवान, पुरुषोत्तम साहू, संतोषी सेन, वंदना साहू, गीता साहू, प्रेमीन साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और पालकगण उपस्थित थे।

### गायत्री शक्तिपीठ में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा



**राजिम।** गायत्री शक्तिपीठ राजिम में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ से शुरू हुआ। शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि कभी-कभी ऐसे समय आता है जब भगवान गुरु के रूप में अवतरित होते हैं यह शानदार अवसर हम सब गायत्री परिवार के लिए है जो भगवान को गुरु के रूप में पाए हैं और परम पूज्य गुरुदेव प्रणाम माताजी का सपना है कि मनुष्य में देव का उदय और धरती में स्वर्ग का अवतरण को साकार करने में लगे हुए हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम के बहन प्रिया ने गुरु के महत्व पर अपना विचार व्यक्त की। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि अदलखा एवं कृष्ण कुमार विनोद ने बताया कि गुरु के सपनों को साकार करने के लिए हम लोग कभी-कभी असमंजस की स्थिति में आ जाते हैं। उस स्थिति को काटकर अर्जुन की भांति हम सबको आज संकल्प लेकर जाने का अवसर है। कार्यक्रम में विक्रम मेघवानी, चंद्रलेखा गुप्ता ,टीकम साहू ,हेमलाल साहू ,रामाधार साहू,खिलेश्वर साहू ,पवन गुप्ता ,गीतांजलि साहू ,महेश्वरी साहू ,पुरुषोत्तम दीवान ,हिमांशु साहू ,दीपा साहू ,हेमलता साहू ,लोकेश्वरी दीवान ,इंद्रकुमार दीवान सहित अनेको लोग मौजूद थे।

## सद्गुरु की महिमा अपरंपार, सद्ज्ञान में प्रतिष्ठित करते हैं: पं. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सिद्ध विनायक मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंडित त्रिभुवन मिश्रा (बारूला वाले) ने व्यास गद्दी से उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए गुरु के अतुलनीय महत्व पर विशेष संदेश दिया। पंडित मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के पाँच मुख्य तत्व हैं गुरु, गायत्री, गीता, गंगा और गौ और इन सभी में गुरु का स्थान सर्वोपरि है**। उन्होंने गुरु तत्व की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इसकी व्याख्या करने में स्वयं शास्त्र, ज्योतिषी, वेदज्ञ और ब्रह्मज्ञानी भी खुद को असमर्थ पाते हैं। उन्होंने कबीरदास के प्रसिद्ध दोहे का उदाहरण दियाः /"सब धरती कागद करूं, लेखनि सब बनराय। सात समुद्र की मसि करूँ, गुरु-गुण लिखा न जाय॥/" जिसका अर्थ है कि पूरी धरती को कागज बना दिया जाए, सभी वनों के वृक्षों को कलम बना लिया जाए और सातों समुद्रों के जल को स्याही बनाकर भी गुरु के गुणों का वर्णन नहीं किया जा सकता।

पंडित मिश्रा ने गुरु की इतनी महिमा और गरिमा का कारण बताते हुए कहा कि गुरु का अर्थ है अंधकार को हटाने वाला या मिटाने वाला, अर्थात जो हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाए, वही गुरु है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अज्ञान ही अंधकार है और ज्ञान ही प्रकाश है। इसलिए, गुरु वह है जो शिष्य के अज्ञान के अंधेरे को मिटाकर उसके जीवन को ज्ञान के प्रकाश से रोशन कर देता है और उसकी आत्मा को आत्मज्ञान से आलोकित कर देता है।

### गुरु के साथ संबंध स्थापित करना एक ऐतिहासिक क्षण



*उन्होंने इस अवसर पर प्रसिद्ध भागवताचार्य, महान रचनाकार, कवि और राजनीतिज्ञ सदगुरु संत कवि ब्रह्मलीन पवन दीवान जी को व्यास गद्दी से कोटि-कोटि नमन किया और कहा कि वे आज जो कुछ भी हैं, वह अपने गुरु के बदौलत ही हैं। उन्होंने जोर दिया कि गुरु के साथ संबंध स्थापित करना एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि सद्गुरुदेव उसी क्षण से शिष्य के व्यक्तित्व के प्रत्येक अंश को सद्ज्ञान में प्रतिष्ठित करते हैं। यह उल्लेखनीय है कि सिद्ध विनायक मंदिर फिंगेश्वर में भागवताचार्य गुरुदेव पंडित त्रिभुवन मिश्रा, गुरु माता रानी देवी मिश्रा, सुमन मिश्रा, लोकेश लल्ला महाराज और निधि मिश्रा (बारूला वाले महाराज परिवार) द्वारा परंपरागत रूप से गुरु पूर्णिमा और वेदव्यास पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष 10 जुलाई के आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और अन्य प्रदेशों के अनुयायी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, सतसंगी भजन कीर्तन मंडली और संगीतमय मानसगान सह राम कथा व्याख्याकार उपस्थित थे।*

## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आप पार्टी का प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन

# युवाओं को नौकरी से वंचित करने की सरकार की मंशा : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा सरकार की शिक्षा नीति के तहत किए गए युक्तियुक्तकरण के विरोध में शुक्रवार को राज्य के सभी जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जिससे कई स्कूल शिक्षकविहीन हो गए हैं और शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो गई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है और



अपनी इस नाकामी को छुपाने के लिए 10 हजार स्कूलों को बंद कर दिया गया है। साहू ने कहा कि यह युक्तियुक्तकरण छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी नहीं देने की सरकार की मंशा को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आप के विरोध को दोहराया।

**युक्तियुक्तकरण के नकारात्मक परिणाम-** प्रदेश महासचिव (सोशल मीडिया, मीडिया प्रभारी) और मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने युक्तियुक्तकरण के नकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्कूलों के विलय और शिक्षकों के स्थानांतरण के कारण कई छात्रों को अब 3-5 किलोमीटर दूर स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे खासकर बालिकाओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। उपाध्याय ने कहा कि कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी हो गई है, जिससे बच्चों को गणित या विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों के बिना पढ़ाई करनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कई स्थानों पर बिना स्थानीय स्थिति को समझे स्कूलों का विलय किया गया, जिससे सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक बाधाएँ सामने आईं। बंद किए गए स्कूल भवन जर्जर हो रहे हैं और सरकारी संसाधन व्यर्थ जा रहे हैं।

